दिनांक 24.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ कलेक्टर दुर्ग श्री उमेश कुमार अग्रवाल एवं निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा डेंगू प्रभावित विभिन्न वार्डों का दौरा किया गया। इस बिमारी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर महोदय के द्वारा नर्सिंग की छात्राएं, वार्ड के नागरिकों के साथ पैदल चलकर लोगों में डेंगू की रोकथाम हेतु उपाय की जानकारी देते हुए जन सहयोग की बात कही। डेंगू प्रभावित क्षेत्र में वार्ड के नागरिकों को समाज सेवियों एवं स्मार्ट सिटी मोर रायपुर क्लब के सदस्यों के साथ वार्डों में भ्रमण करते हुए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों में डेंगू बिमारी के बचाव हेतु उपाय बताये गये तथा इस बिमारी से छुटकारा पाने हेतु जन सहयोग की अपील की गई।

निगम सभागार में प्रतिदिन सुबह से शाम तक विभिन्न वार्डों में सीधे डेंगू बिमारी के रोकथाम के संबंध में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए निगम आयुक्त श्री चौहान ने कल की रुपरेखा की विस्तृत जानकारी उपस्थित निगम के अधिकारी, कर्मचारियों को दी गई। आज की गई कार्यवाही से अवगत होते हुए डेंगू बिमारी के उन्मूलन के संबंध में 25 अगस्त को वार्डों में किये जाने वाले कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम द्वारा विभागीय एवं प्लेसमेंट तथा अतिरिक्त लगाये गये सफाई कामगारों एवं श्रमिकों के माध्यम से 05 से 24 अगस्त तक 103570 कूलर खाली कराये गये एवं 6825 कूलर को उतरवाया गया। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 71574 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 4376 स्थानों एवं 351 स्कूल, 321 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 429008 मीटर नालियों की सफाई की गई है। जन जागरुकता हेतु 155294 पाम्पलेट का वितरण किया गया।

विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से 2112 रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु 302 होर्डिंग्स, 1073 कटआउट क्षेत्रों में लगाया गया है। जन जागरुकता हेतु 06 एप्पे एवं 15 रिक्शों से डेंगू के बचाव हेतु प्रचार–प्रसार नियमित रुप से किया जा रहा है। अतिरिक्त 304 नग स्प्रे पम्प के माध्यम से कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। 1327 ब्लीचिंग पावडर पाउच वितरित किये गये।

जोन 04 शंभूनाथ यादव भैस खटाल, अजीत सिंह भैंस खटाल कुरुद, वार्ड 21 शायरा बानो सड़क बाधा शुल्क, 3 व्यक्तिओं से गंदगी फैलाने एवं अन्य कारण से कुल 38 हजार 5 सौ अर्थदण्ड की राशि वसूल की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी